**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-310**

**जिसका उत्तर 24 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।**

**सौभाग्य के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन**

***310. श्री सौमित्र खान:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना- (सौभाग्य) के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में जिला-वार कुल कितने घरों में विद्युत कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;

(ख) सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में सौभाग्य के कार्यान्वयन की गति मों तेजी लाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) सरकार का विचार पश्चिम बंगाल में सभी ग्रामीण घरों में कब तक विद्युत कनेक्शन प्रदान करने का है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) से (ग) :** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*************

<u>**विवरण**</u>

**"सौभाग्य के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन" के बारे में लोक सभा में दिनांक 24.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 310 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

*************

**(क) से (ग) :** भारत सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी इच्छुक गैर-विद्युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों में सभी इच्छुक गरीब घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करते हुए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से अक्तूबर, 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य शुरू की थी। सौभाग्य स्कीम के शुरूआत से पश्चिम बंगाल में कुल 7,32,290 घर विद्युतीकृत किए गए थे। पश्चिम बंगाल राज्य ने सूचित किया है कि राज्य में 100 प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। पश्चिम बंगाल राज्य में विद्युतीकृत किए गए घरों के जिला-वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

पश्चिम बंगाल सहित सौभाग्य के कार्यान्वयन की गति में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम निम्नानुार हैं:

(i) कार्यक्रम को शीघ्र शुरू करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों में सौभाग्य, कार्यनीति सूत्रीकरण कार्यशालाओं का शुभारंभ।

(ii) बड़े पैमाने पर जनता के बीच जागरूकता पैदा करने और मौके पर पंजीकरण के लिए गाँवों/गाँवों के समूह में, जहाँ जन प्रतिनिधि (विधायक, सांसद, ग्राम प्रधान) हों, कैम्पों की स्थापना करना ।

(iii) सौभाग्य के अंतर्गत घरों के विद्युतीकरण के लिए 14,270 करोड़ रुपये की अवसंरचना समर्थन-अतिरिक्त अवसंरचना, भारत सरकार द्वारा राज्यों को पर्याप्त धन उपलब्ध कराया गया।

(iv) संचार योजना, 24*7 'एक राष्ट्र एक नंबर' टोल-फ्री हेल्पलाइन 1912 1800-121-5555, जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विशेष अभियान 'सौभाग्य रथ' और सभी मीडिया विकल्प जैसे प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविजन, सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर आदि)

(v) कार्यान्वयन के तरीके में राज्यों के लिए लचीलापन (विभागीय/टर्नकी/अर्ध-टर्नकी)।

(vi) एक व्यापक वेब पोर्टल 'saubhagya.gov.in' विकसित किया गया और डिस्कॉमों को दिन-प्रतिदिन की निगरानी के लिए पोर्टल पर प्रगति के अद्यतन के लिए पहुँच प्रदान की गई।

(vii) लक्ष्यों को पूरा करने हेतु शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) के साथ समन्वय।

(viii) अपेक्षित दक्षता के साथ पर्याप्त कुशल जनशक्ति की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के लिए, कार्यबल के प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ समन्वय।

(ix) परियोजनाओं की निगरानी और त्वरित कार्यान्वयन के लिए 350 से अधिक इंजीनियरों अर्थात ग्राम विद्युत अभियंताओं (जीवीए) की नियुक्ति की गई थी।

(x) हेलीकॉप्टर और भारतीय रेलवे के समर्थन ने आवश्यक सामानों को अज्ञात भौगोलिक क्षेत्रों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

(xi) राज्यों और वितरण यूटीलिटियों के साथ सरकार के सभी स्तरों पर निगरानी और समीक्षा।

*************

**<u>अनुबंध</u>**

**"सौभाग्य के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन" के बारे में लोक सभा में दिनांक 24.03.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 310 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*********

**सौभाग्य के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में विद्युतीकृत घरों के राज्य-वार ब्यौरे**

| **जिला** | **विद्युतीकृत घरों की संख्या** |
|---|---|
| बांकुरा | 24415 |
| बर्धमान | 65767 |
| बीरभूम | 36859 |
| कूच बिहार | 35043 |
| दक्षिण दिनाजपुर | 6828 |
| दार्जिलिंग | 10434 |
| हुगली | 41692 |
| हावड़ा | 27827 |
| जलपाईगुड़ी | 17130 |
| मालदा | 32871 |
| मुर्शीदाबाद | 54433 |
| नादिया | 51631 |
| उत्तरी 24 परगना | 61078 |
| पश्चिम मेदिनीपुर | 21901 |
| पूर्व मेदिनीपुर | 33407 |
| पुरुलिया | 52234 |
| दक्षिणी 24 परगना | 144401 |
| उत्तर दिनाजपुर | 14339 |
| **कुल** | **7,32,290** |

*************